HGH INDIA 2017 SM
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
JULY 4-6, 2017 MUMBAI, INDIA

NEWS 2

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# एचजीएच इंडिया २०१७ बढ़ते होम रिटेलिंग को प्रतिबिंबित करेगा

वर्तमान प्री-रजिस्ट्रेशन रुझान को देखते हुए, आशा है कि एचजीएच इंडिया २०१७ के छः वर्षों के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी विजिटर संख्या आएगी। पिछले साल की तुलनात्मक तारीख के आधार पर ऑनलाइन पंजीकरण चार गुना बढ़ गया है, जिससे ऐसे ट्रेड विजिटरों में बहुत अधिक रुचि तथा अपेक्षाओं का स्पष्ट संकेत मिलता है जो एचजीएच इंडिया २०१७ में २०१७-१८ के लिए उत्सुकता के साथ सैकड़ों इनोवेशन व आगामी फैशन रुझानों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

पिछले साल के २५,४५० विजिटरों की संख्या में कम से कम १०-१५% प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है - जिसमें हजारों सीईओ और सोर्सिंग हेड शामिल हैं। पूरे भारत के ४५० से अधिक शहरों व कस्बों से ट्रेड खरीदारों के आने का अनुमान है। भारत के टियर II व टियर III शहरों व कस्बों में बढ़ती रिटेलिंग व क्रय शक्ति, इन क्षेत्रों से होने वाले रजिस्ट्रेशनों में आए जबरदस्त उभार से स्पष्ट रूप से दिखती है। पश्चिमी क्षेत्र से बहुत उच्च रिपीट रजिस्ट्रेशन के अलावा उत्तर भारत तथा दक्षिण भारत से विजिटरों में काफी वृद्धि हुई है, जिससे एचजीएच इंडिया विजिट करने के लिए बढ़ती राष्ट्रीय मांग के स्पष्ट संकेत मिलते हैं।

अभी तक रजिस्टर हुए विजिटरों में मुख्य रूप से डिपार्टमेंट स्टोर, हाइपर मार्केट, स्पेशियालिटी स्टोर्स, हाई-एंड लक्जरी स्टोर्स तथा बुटीक, पारंपरिक स्टोर मालिकों तथा ऑनलाइन व इलेक्ट्रॉनिक माध्यम वाले रिटेलर शामिल हैं। संस्थागत खरीदार, कार्पोरेट




उपहार खरीदार, इंटीरियर डिज़ाइनर, संभावित एजेंट तथा फ्रेन्चाइज़ी ने भी प्री-रजिस्ट्रेशन कराके विजिट करने की अपनी इच्छा का संकेत किया है। इनके अलावा, अग्रणी भारतीय निर्यातक, वितरक, खरीदार एजेंट तथा ब्रांड प्रतिनिधि नए अवसरों तथा व्यापार साझीदारी का दोहन करने के लिए आएंगे।

भारत के घरेलू व्यवसाय के १०० शीर्ष रिटेलरों में से ९०% एचजीएच इंडिया २०१७ में विजिट करने का अनुमान है, जिसमें उनके सबसे वरिष्ठ निर्णयकर्ता का प्रतिनिधित्व होगा, जिससे उनके व्यापार के लिए इस ट्रेड शो की उपयोगिता का साफ पता चलता है।

२०१७-१८ के लिए रुझानों को "एक्रॉस टाइम्स" विषय के अंतर्गत हॉल १ में ट्रेन्ड्स पवेलियन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है; हॉल ५ में तुर्की, ताइवान और चीन पवेलियन; १०० से अधिक नए भारतीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक पहली बार प्रदर्शन करेंगे; और नियमित प्रदर्शक रहे अग्रणी भारतीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों तथा विनिर्माताओं द्वारा नए उत्पादों के लॉन्च; एचजीएच इंडिया २०१७ की मुख्य झलकियां हैं।

# कालीन व फ्लोर कवरिंग

एक श्रेणी के रूप में फ्लोर कवरिंग, एरिया रग्स तथा कालीन के लिए भारतीय बाज़ार में अगले कुछ वर्षों में २०% प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि जारी रहेगी। भारत के अधिकांश रिटेलर अपनी कालीन की बिक्री में पर्याप्त वृद्धि की बात स्वीकार कर रहे हैं।

घरेलू निर्मित रग्स व कालीन, मशीन निर्मित कालीन, लकड़ी की फ्लोरिंग, दरियां, विनाइल फ्लोरिंग, सिंथेटिक फ्लोरिंग, क्वायर मैट्स, बाथ मैट्स, कृत्रिम घास जैसी आउटडोर सतहें और हाई परफॉर्मेंस स्पेशियालिटी फ्लोर कवरिंग जैसे उप-श्रेणियों के उत्पादों की लोकप्रियता स्पष्ट रूप से संकेत करती है कि भारतीय बाज़ार बेहद विविध है और रिटेलरों, ब्राडों, विनिर्माताओं के साथ-साथ आयातकों के लिए भी उच्च वृद्धि अवसर प्रस्तुत करता है।

मूल्यों के मामले में प्रीमियम, मध्यम के साथ-साथ इकोनॉमी सेगमेंट में भी मांग में वृद्धि है। एचजीएच इंडिया २०१७ में फ्लोर कवरिंग श्रृंखला में २५ एक्जीबिटर अपने उत्पाद पेश करेंगे। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (CEPC) ने भारत के विभिन्न हिस्सों से १४ हस्तनिर्मित रग्स उत्पादकों की सामूहिक भागीदारी का आयोजन भी किया है।





# बेड व बाथ में अग्रणी ब्रांड प्रतिनिधित्व करेंगे

बेड व बाथ अकेला सबसे बड़ा घटक है जो भारतीय घरेलू बाज़ार में कुल होम टेक्सटाइल बिक्री में लगभग ५०% का योगदान करता है। अनेक उत्पाद इनोवेशन्स, नए लॉन्च व ट्रेड योजनाओं के साथ एचजीएच इंडिया २०१७ में इस श्रेणी में फिर से काफी सारा एक्शन देखने को मिलेगा।

लगभग सभी बाजार लीडर स्पेसेस, पोर्टिको न्यूयॉर्क, मासपार, स्वयं, टैंगेरीन, ट्रिडेंट, बुटीक लिविंग, ऐन्ना सिमोना, डिसिटेक्स, बियांका, स्किपर, मार्क–होम, वेस्टहोम्स, सी.ए. पटेल, जिंदल, बेड व बाथ उत्पादों के अपने नए संग्रह को लॉन्च करेंगे। अनेक नये एक्जीबिटर्स द्वारा बेबी व किड्स बेडिंग, डेकोरेटिव बेडिंग्स, बेड कवर, क्विल्ट, वेडिंग सेट में नई श्रृंखलाओं को एचजीएच इंडिया २०१७ में लॉन्च किया जाएगा। अनेक आयातक भी भिन्न–भिन्न बाज़ार सेगमेंट के अनुकूल मूल्य व गुणवत्ता की व्यापक श्रृंखला को लाएंगे।

यूएसए तथा यूरोप जैसे परिष्कृत अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों मे अपनी



डिज़ाइन तथा गुणवत्ता के लिए विख्यात अनेक निर्यातक पहली बार भारतीय बाज़ार के लिए अपनी रेंज को पेश करेंगे।



# फर्निशिंग फैब्रिक्स लीडर नए संग्रहों को लॉन्च करेंगे

भारत में, पारंपरिक रूप से होम टेक्सटाइल्स तथा होम डेकॉर सेगमेंट में फर्निशिंग फैब्रिक्स सबसे बड़ी व मजबूत उत्पाद श्रेणियों में से एक है। अनेक देशों में अक्सर होम टेक्सटाइल स्टोरों को फर्निशिंग स्टोर कहा जाता है।

समय व उपभोक्ता मांग में बदलाव के साथ अनेक अग्रणी फर्निशिंग फैब्रिक ब्रांडों ने रेडीमेड पर्दे, चादरें, ब्लाइंड्स, डेकोरेटिव मेड–अप्स तथा वॉल पेपर जैसे रेडीमेड उत्पाद पेश किए हैं। फिर भी उनमें से अधिकांश के लिए उनकी बिक्री में फर्निशिंग फैब्रिक्स का अधिकतम योगदान रहा है।

एचजीएच इंडिया २०१७ में डिसिटेक्स, जीएम फैब्रिक्स, रूमर्स, मासपार, एबीएन टेक्सटाइल्स, केसी फैब्रिक्स, एफ एंड एफ, देवा टेक्सटाइल्स, ज़ाएना, वनेली, वी एंड जे फर्निशिंग, जेम कलेक्शन्स, न्यूहोम डेकोर, एम्ब्रेह जैसे बाज़ार के लीडर अपने इनोवेशन्स तथा नवीनतम संग्रह को पेश करेंगे। अन्य एक्जीबिटर्स, प्रिंस फर्निशिंग्स (पानीपत), जय दुर्गा (हैदराबाद), शाह दीपचंद (पुणे), जो डी डेकॉर व एमके फैब्रिक्स एंड कावि होम जैसे अग्रणी ब्रांडों के लिए विशिष्ट वितरक हैं, जो डिसिटेक्स की विशिष्ट श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे भी अपने से संबंधित ब्रांडों के नए संग्रहों





को पेश करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, हार्लेक्विन (यूके), डिज़ाइनर्स गिल्ड (यूके), कासामांस (फ्रांस), ज़िमर + रोडे (जर्मनी), ओमेक्सको (बेल्जियम), आईएफआई (ग्रीस) जैसे अग्रणी ब्रांड अपने नवीनतम संग्रह को पेश करेंगे।

इसके अलावा, विजिटर मुंबई, दिल्ली, सूरत तथा पानीपत जैसे स्थानों के अनेक विनिर्माताओं से भी मिल सकेंगे जो डेकोरेटिव तथा फर्निशिंग फैब्रिक्स में लागत–प्रभावी समाधान पेश करते हैं।

## होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स पर एक नज़र डालें

# मैट्रेस के अधिकाधिक ब्रांड









पिछले ३–४ वर्षों से भारत में रेडीमेड मैट्रेस का बाज़ार जबरदस्त १००% सालाना की दर से बढ़ रहा है। इस श्रेणी के विशेषज्ञों के अनुसार, ब्रांडेड मैट्रेसेस के लिए इसी तरह की मांग वृद्धि अगले कुछ वर्षों तक भारत में जारी रहने की संभावना है, क्योंकि भारतीय उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली नींद के महत्व के प्रति जानकार हो रहे हैं। बढ़ती आय के साथ वे अब बेहतर गुणवत्ता वाले मैट्रेस व पिलो पर खर्च करने की बेहतर स्थिति में हैं।

२०१२ में एचजीएच इंडिया ने पहली बार मैट्रेस ब्रांड में इस बात की वकालत की थी कि यदि वे भारतीय बाज़ार में अपनी बिक्री बढ़ाना चाहते हैं तो उनको अपने रिटेल व वितरण चैनलों को फर्निशिंग व होम टेक्सटाइल्स स्टोरों सहित फर्नीचर स्टोरों तथा आर्किटेक्ट्स से आगे ले जाना होगा। उनको यह सलाह भी दी गयी थी कि वे केवल एचओआरईसीए बाज़ार पर निर्भर ना रहें, बल्कि साथ ही साथ घरेलू उपभोक्ता बाज़ार में कदम रखें।

बाज़ार के अवसर को समझते हुए अनेक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्राडों ने इस सेगमेंट को टेस्ट करने का निर्णय लिया। इस रणनीति ने पिछले ५ वर्षों में एचजीएच इंडिया में एक्जिबिट करने वाले सभी मैट्रेस ब्राडों के लिए चमत्कार किया है। इस साल, रिटेलर तथा ट्रेड विजिटर को किंग कॉएल, पेप्स, हश, सीली, एक्लिप्स, सेंचुरी, मेग्रेटा, लिवांता जैसे अग्रणी भारतीय तथा अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की ओर से स्प्रिंग, मेमोरी फोम, क्वायर वगैरह में अनेक इनोवेशन देखने को मिलेंगे।

# डेकोरेटिव फर्निशिंग में व्यापक विकल्प

कढ़ाई तथा इम्बेलिश्ड कामों, हैंडलूम बुनाई, एप्लीक वर्क, सेक्यूइन वर्क आदि के साथ कुशन कवर, बेड कवर, क्विल्ट, डेकोरेटिव टेक्सटाइल्स जैसे डेकोरेटिव मेड–अप्स तथा सॉफ्ट फर्निशिंग में अपने उच्च रचनात्मक डिज़ाइनों के लिए भारत पूरी दुनिया में विख्यात है। भारतीय घरों में डेकॉर तथा टेक्सटाइल्स ऐसे डेकोरेटिव टेक्सटाइल्स के लिए उच्च पसंद को पेश करते हैं। समय के बदलाव के साथ ये परंपरागत कौशल अग्रणी ब्रांडों व बाज़ार के खिलाड़ियों द्वारा परिष्कृत किए गए हैं और अपने अधिक समकालीन संस्करणों में फिर से अविष्कृत किए गए हैं।

एचजीएच इंडिया २०१७ में मासपार, एन्ना सिमोना, बिनाका, स्किपर, सिल्वर श्रेड जैसे विख्यात ब्रांड बेडरूम व लिविंग रूप के लिए डेकोरेटिव मेड–अप्स में नवीनतम इनोवेशंस को पेश करेंगे।

फॉरेस्ट, टोसो, एएमआई, अवेसम, ट्व ब्लाइंड्स, फंक ट्यूबलर, ए–ओके, मैक्स इंटीरियर्स, कैरोट तथा अन्य जैसे अग्रणी ब्रांड, ब्लाइंड्स, विंडो डेकोरेशंस तथा कर्टन मिकेनिज़्म की व्यापक श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे।







# डेकोरेटिव एक्सेसरीज़

अपने पूरे डेकॉर का दर्जा बढ़ाने के लिए उत्सुक उपभोक्ताओं के साथ रिटेलरों के लिए डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ बहुत महत्वपूर्ण हो गयी हैं और अब होम डेकॉर, फर्निशिंग तथा होम टेक्सटाइल्स के लिए अधिकांश भारतीय स्टोरों में अधिकाधिक जगह हासिल कर रही हैं।

डेको विंडो, मल्हार, एथनिक क्लॉक्स, कॉकटेल, एक दो ढाई, गाबिया, फोर वॉल्स, साक्षी हैंडीक्राफ्ट्स, विंटेज मिरर्स, अपीजय एक्सपोर्ट्स जैसे ब्रांड डेकोरेटिव कर्टन रॉड, वॉल क्लॉक्स, मिरर्स, टेबुल टॉप, वॉल हैंगिंग, आर्टिफेक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट्स तथा समकालीन होम डेकोरेशंस में व्यापक श्रृंखला को पेश करेंगे।













# Trends 2017-18

# across time

## समय अनुसार

एच जी एच इंडिया २०१७, इस ट्रेन्ड्स पुस्तिका द्वारा घरेलू फैशन और जीवन शैली के ट्रेन्ड्स **"समय अनुसार"** वर्ष २०१७-१८ के परिपेक्ष में प्रस्तुत करता है।

इन ट्रेन्ड्स के प्रस्तुतीकरण का उद्देश्य उपभोक्ताओं ओर खुदरा विक्रेताओं की व्यापारिक दूरदर्शिता को एक विशिष्ट दिशा प्रदान करना है।

गृह व्यापार से जुड़े हुए निर्माता, ब्रांड्स, खुदरा विक्रेता और प्रोफेशनल अपने नवीनतम उत्पादों को इन ट्रेन्ड्स के माध्यम से उन्नतिशील एवं महत्वाकांछी भारतीय उपभोक्ताओं से जोड़ सकते है।

आप **"समय अनुसार"** ट्रेन्ड्स का वास्तविक उत्पादों में समायोग एच जी एच इंडिया २०१७ ट्रेन्ड्स पवेलियन में देख सकेंगे।

ट्रॉपिकल जॉय

एथनिक ट्रेज़र

क्लासिकल ट्रेल

डिजिटल मेडली

---

जीवन शैली के ट्रेन्ड्स हमेशा समाज की वास्तविकता और होने वाले बदलाव को दर्शाते है। समाज में नये स्टाइल और रंगो का अनुसन्धान उसके मूल्यों एवं महत्वो को ध्यान में रखकर किया जाता है। नई तकनीको से उभरी संभावनाओं ने हमारे अनुभव का दायरा बहुत विस्तृत कर दिया है। इनके प्रभाव से जीवन की परिस्थितियाँ व जीवन शैली भी लगातार बदल रही हैं।

पारम्परिक डिजाइनें सभी सर्जनाओं की मूल प्रेरणाश्रोत होती हैं। समय के साथ सर्जनात्मक डिजाइनर्स परम्परागत डिजाइनों में सुधार एवं उनकी समकालीन पुनर्खोज़ करके, नए डिजाइन बनाते हैं। एच जी एच इंडिया २०१७ -१८ के ट्रेन्ड्स, जिनको चार भागो में प्रस्तुत किया गया है, चार लोकप्रिय पारम्परिक डिजाइनों से प्रेरित हैं। ये पारम्परिक डिजाइनें हैं: फ्लोरल, एथेनिक, क्लासिकल एवं ज्योमेट्रिकल। इनमें से प्रत्येक सर्जनात्मक दिशा डिजायनिंग की दुनिया में, व्यक्तिगत इच्छाओं एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति के रूप में हमेशा प्रासंगिक रही हैं। आज के संदर्भ में ये विषय रंग आकर और सामग्री को नए सिरे से प्रस्तुत करते हैं।

आइये, इस समय अनुसार यात्रा का आनंद लें और नयी दिशाओं की खोज करें:

- ट्रॉपिकल जॉय - शानदार समृद्ध प्रकृति
- एथनिक ट्रेज़र - सांस्कृतिक सुविधाजनक ठाठ बाठ
- क्लासिकल ट्रेल - सौहार्दपूर्ण शिष्टता
- डिजिटल मेडली - भविष्यात्मक तरफदारी

## Tropical JOY



विवधताओं का सौंदर्य सबसे अधिक प्रकृति में व्यक्त होता है। पारम्परिक फ्लोरल डिजाइन खुलकर, शानदार ट्रॉपिकल पैटर्न में अप्राकृतिक रंगों में विलय होकर, विशाल डिजिटल फ्लोरल प्रिंट्स बनाते हैं। सर्वव्यापी तनाव एवं शोरगुल भरे जीवन में, पौधों एवं फूलों से घिरी हुई प्रकृति में हम शांति एवं आराम पाते हैं।

रिसर्च दर्शाता है की प्राकृतिक प्रिंट्स के उपयोग से भी प्रकृति का अनुभव होता है एवं इससे हमारा तनाव कम होता है तथा हमारी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति स्वस्थ बनती है। पौधों की उपस्थिति से हमारी इन्द्रियों को तत्पर प्रोत्साहन मिलता है, ट्रॉपिकल जॉय प्रकृति को घरो के भीतर लाता है। यह वास्तव में एक ताजगी भरी प्रवृति है। प्रकृति की महान छमता को पहचानते हुए, सभी प्राकृतिक वस्तुएं इस प्रवृति का हिस्सा हैं।

## CLASSICAL TRAIL



सदाबहार अंतरसज्जा सौहार्द व संतुलन की मानवीय इच्छा को व्यक्त करती है। जैसा कि हम जानते हैं, आज की आधुनिक जीवन शैली में सदाबहार की परिभाषा कुछ शांत हो गयी है। इनमें टेक्सचर्स के माध्यम से प्रकृति का समावेश कर वस्तुओ की सुंदरता को एक नए एवं शालीन अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। यहाँ भूगर्भशास्त्र प्रेरणा का श्रोत है। धरा के सुंदर परिदृश्य, बालू रेत पर बनी वक्र रेखाएँ, चट्टानें और खनिज संरचनाएं आदि कालीन, वॉलपेपर और फर्निशिंग फैब्रिक्स पर बनी आकृतियों को प्रेरित करते हैं। नई स्पर्श योग्य संवेदनाये आंतरिक सज्जा को समृद्ध करती हैं। अलंकृत बनावटें नरम रंगो के संयोजन में दिखती है। नक्काशी सहित मूल्यवान पतीना प्रभाव के साथ ये अपरिभाषित पहलू उभारते हैं। समृद्ध ठाठ की खोज में, सदाबहार फर्नीचर पर चमक दमक, क्रिस्टल, सुनहरा एवं झिलमिलाहट भरे सजावटी तत्वों का उपयोग होता है। इन्हे धुंधली सतहों और टेक्सचर्स के साथ मिलाकर, विलासिता का एक कोमल एवं सामंजस्यपूर्ण वातावरण रचा जा सकता है।

## ETHNIC TREASURE



पूरे विश्व में एथनिक डिजाइन एक एकीकृत करने वाले ट्रेन्ड का केंद्र हैं। इसलिए, भारत अपनी हथकरघा, रंगाई, बुनाई, रजाई, लकड़ी की नक्काशी, टोकरी के शिल्प और धातु के काम जैसी मजबूत सर्जनात्मक परम्पराओ के साथ वैश्विक मंच पर उभरा है। एक अच्छे सर्जनात्मक, खुशहाल बोहेमियन से वातावरण में भारतीय वस्तुएँ खूब सजती हैं।

एथनिक ट्रेज़र के भाव की सौहार्दता एवं सुखद अहसास, आज की दुनिया में सामाजिक जीवन एवं विश्वसनीयता के महत्तव को दर्शाते हैं। इस जीवन शैली की विशेषता में अपनों के साथ समय व्यतीत करना, अच्छा खाना, पकाना तथा अर्थपूर्ण एवं मूल्यवान वस्तुएँ शामिल हैं। टेक्सचरड वॉलपेपर, आकृतियों का मिश्रण एवं लकड़ी के फर्नीचर के साथ सजावट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनपसंद वस्तुओं के साथ आतंरिक वातावरण और निखरता है। जापानी और अफ्रीकी परम्पराएं शहरी एथनिक अनुभवो में योगदान करती है क्योंकि इस जीवनशैली को किसी विशेष संस्कृति द्वारा परिभाषित नहीं किया गया है।

## Digital MEDLEY



डिजिटल टेक्नोलॉजी की सुंदरता ने डिजाइनर्स के लिए असीम नए आयाम खोल दिए हैं। घंटों स्क्रीन के सामने बैठकर हम काल्पनिक दुनिया के आभासो के हर प्रकार के प्रभाव की आदत बना लेते हैं। आनंद और जूनून के साथ खेलते हुए, हम काल्पनिक हेडसेट एवं कंप्यूटराइज्ड "स्मार्ट लिविंग" के सहारे नयी वास्तविकताओं तक पहुँचते हैं। डिजिटल मेडली हमारी दैनिक जीवन के रोमांचक दृश्य प्रभावों के भावनात्मक अनुभव को दर्शाती हैं इसकी आवश्यक शहरी अपील युवा बाजार के अलावा भी सभी आयु वर्गों के लिए बनाई गयी डिजाइंस में दिखाई देती है।